विधान परिषद के द्वितीय सत्र-2022 के प्रथम शुक्रवार के लिये निर्धारित डा0 मान सिंह यादव , मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न सं0-32 का उत्तर ।

| प्रश्न | | उत्तर |
|---|---|---|
| 32 (क) | क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद-मथुरा के थाना सुरीर में सड़क दुर्घटना में मृत कृषकों के सम्बन्ध में दर्ज एफ0आई0आर0 नम्बर 336/2020 दिनांक 13 दिसंबर, 2020 में सभी मृत कृषकों के आश्रितों को किसान दुर्घटना बीमा के अन्तर्गत मिलने वाली धनराशि का भुगतान करा दिया गया है? | जनपद मथुरा के थाना सुरीर में सड़क दुर्घटना में मृत कृषक के सम्बन्ध में दर्ज एफ0आई0आर0 नम्बर 336/2020 दिनांक 13 दिसंबर , 2020 में निम्न 04 व्यक्ति मृत हुए थे-<br>1- यादराम सिंह पुत्र मदनलाल निवासी मांटमूला तहसील मांट जनपद मथुरा<br>2- रज्जो पुत्र रामा निवासी मांट राजा तहसील मांट जनपद मथुरा<br>3- रामू उर्फ रामनरायन पुत्र घनश्याम निवासी मांट मूला तहसील मांट जनपद मथुरा<br>4- सुरेश चन्द्र रावत पुत्र गोपाल प्रसाद निवासी मांट मूला तहसील मांट जनपद मथुरा<br>उपरोक्त में से स्व० यादराम सिंह के वारिसान श्रीमती अनारदेवी पत्नी यादराम सिंह व उदयसिंह व श्यामसुन्दर पुत्रगण यादराम सिंह को रु0 500000-00, स्व0 रज्जो के वारिसान श्रीमती कमलेश पत्नी स्व0 रज्जो व नन्दकिशोर व शिवकुमार पुत्रगण स्व० रज्जो को रु0 500000-00 व स्व0 रामू उर्फ रामनरायन के वारिसान ग्रीशादेवी पत्नी स्व0 रामू उर्फ रामनरायन को रु0 500000-00 का भुगतान किया जा चुका है। |
| (ख) | क्या उक्त एफ0आई0आर0 में इंगित दुर्घटना में मृत कृषकों का पंचनामा न हो पाने के कारण कुछ आश्रितों कों किसान दुर्घटना बीमा के अन्तर्गत मिलने वाली धनराशि का अभी तक भुगतान नहीं किया गया है? | उपरोक्त क्रमांक 4 पर अंकित स्व० सुरेशचन्द्र रावत पुत्र गोपाल प्रसाद निवासी मांट मूला तहसील मांट जनपद मथुरा के वारिसान श्रीमती राजकुमारी पत्नी सुरेशचन्द्र रावत व आनन्द कुमार रावत व आलोक रावत व अरूण रावत पुत्रगण स्व० सुरेशचन्द्र रावत निवासी मांटमूला बांगर के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उप जिलाधिकारी मांट की आख्या दिनांक 25-03-2022 के द्वारा इनका दावा शव - विच्छेदन रिपोर्ट एवं पंचनामा न होने के कारण निरस्त किये जाने की संस्तुति की गयी तथा गठित समिति द्वारा शासनादेश संख्या 1/2020 / मु०स०-11/1-9-2020-2एफ / 2018 दिनांक 28-02-2020 में दिये गये प्राविधानों के अनुसार स्वीकृति योग्य न पाते हुए दिनांक 23-05-2022 को दावा निरस्त कर दिया गया । अतः इनके वारिसान को भुगतान नहीं हुआ । |
| (ग) | यदि हाँ, तो उक्त दुर्घटना में मृत सभी कृषकों के आश्रितों को किसान दुर्घटना बीमा के अन्तर्गत मिलने वाली धनराशि का भुगतान कब तक करायेंगे? | उपरोक्त सभी मृतकों के सम्बन्ध में उनके सभी वारिसानों के दावों के प्रकरणों का निस्तारण कर दिया गया है । |

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री